भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4389
19.07.2019 को उत्तर के लिए

**वन क्षेत्र**

**4389. डॉ॰ उमेश जी॰ जाधव:**
**श्री खगेन मुर्मुः**
**श्री हनुमान बैनिवालः**
**डॉ॰ सुजय विखे पाटीलः**
**श्री हेमन्त तुकाराम गोडसेः**
**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिलः**

**क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) हेक्टेयर में कुल वन क्षेत्र कितना है और देश के कुल क्षेत्र में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्रतिशतता के रूप में यह कितना है;

(ख) हेक्टेयर और प्रतिशतता के संदर्भ में वन क्षेत्र की राष्ट्रीय कवरेज कितनी है;

(ग) विगत चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों में वनों के संरक्षण, विकास और विस्तार हेतु सरकार द्वारा प्रदान की गई निधि का ब्यौरा क्या है और इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार प्राप्त हुई सफलता कितनी है;

(घ) क्या देश में विगत पांच वर्षों के दौरान वन कवर के अंतर्गत क्षेत्रफल में कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) देश में वन क्षेत्र के और विस्तार तथा विद्यमान वन कवर के अनुरक्षण हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) और (ख) **:** भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून, जो इस मंत्रालय का एक संगठन है, द्वि-वार्षिक आधार पर देश के वनावरण का आकलन करता है और उसके निष्कर्ष भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किए जाते हैं। नवीनतम रिपोर्ट अर्थात् आईएसएफआर-2017 के अनुसार, देश में कुल वनावरण और वृक्षावरण 8,02,08,800 हेक्टेयर (वनावरण 7,08,27,300 हेक्टेयर, वृक्षावरण 93,81,500 हेक्टेयर) है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.39% है। आईएसएफआर-2015 में दर्ज की गई वृद्धि की तुलना में कुल वनावरण और वृक्षावरण में 8,02,100 हेक्टेयर (वनावरण 6,77,800 हेक्टेयर, वृक्षावरण 1,24,300 हेक्टेयर) की वृद्धि हुई है।

आईएसएफआर-2017 के अनुसार वन और वृक्षावरण सहित प्रतिशतता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) : छत्तीसगढ़ सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी), प्रतिपूरक वनीकरण निधि (सीएएफ) और हरित भारत मिशन (जीआईएम) के तहत वनों के संरक्षण, विकास और विस्तार हेतु मंत्रालय द्वारा गत चार वर्षों और चालू वर्ष के लिए जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-II, III** और **IV** में दिया गया है।

(घ) :जी, नहीं। आईएसएफआर – 2017 के अनुसार, आईएसएफआर – 2015 में दर्ज़ की गई वृद्धि की तुलना में देश में वनावरण और वृक्षावरण में 8,021 वर्ग कि.मी. की वृद्धि हुई है। वनावरण में परिवर्तन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध-V** में दिया गया है। कुछ राज्यों में वनावरण में वृद्धि का मुख्य कारण आरक्षित वन क्षेत्रों के अंदर और बाहर वृक्षारोपण एवं संरक्षण कार्यकलापों को माना जा सकता है। कुछ राज्यों में वनावरण में कमी मुख्यत: क्रमावर्तन के अनुसार कटाई, झूम कृषि आदि के कारण हुई है।

(ङ.) : देश में वन क्षेत्र में वृद्धि करने और मौजूदा वनावरण को बनाए रखने हेतु, पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी) और हरित भारत मिशन (जीआईएम) जैसी विभिन्न केन्द्र-प्रायोजित योजनाओं के तहत पेड़ लगाकर वनीकरण कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। वनीकरण कार्यकलाप, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रतिपूरक वनीकरण निधि (सीएएफ) के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/वित्तीय संसाधनों के अंतर्गत और संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की स्कीमों/योजनाओं के अंतर्गत भी कार्यान्वित किए जाते हैं।

हरित भारत मिशन (जीआईएम) का उद्देश्य भारत के वनावरण को सुरक्षित करना, बहाल करना, उसमें वृद्धि करना और जलवायु परिवर्तन संबंधी चुनौतियों से निपटना है। राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम (एनएपी) एक केन्द्र-प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य लोगों की भागीदारी से वनीकरण करना तथा अवक्रमित वनों एवं निकटवर्ती क्षेत्रों की पारिस्थितिकी बहाल करना है। विकास कार्यों के कारण वनों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए, प्रयोक्ता एजेंसियों से संगृहीत तथा प्रतिपूरक वनीकरण कोष में जमा की गई निधियों से गैर-वन भूमि और अवक्रमित वन भूमि पर प्रतिपूरक वनीकरण का कार्य किया जाता है। इसके अलावा, अपवर्तित वन भूमि के निवल वर्तमान मूल्य को भी प्रतिपूरक वनीकरण कोष में जमा किया जाता है और उसका उपयोग वन अपवर्तन के कारण होने वाली क्षति की पारिस्थितिकी बहाली के लिए अतिरिक्त वनीकरण तथा संबद्ध वानिकी कार्यकलापों के लिए किया जाता है।

****

अनुबंध-I

'वन क्षेत्र' के बारे में दिनांक 19.07.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4389 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

आईएसएफआर 2017 के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वनावरण का ब्यौरा

(हेक्टेयर में क्षेत्रफल)

| राज्य | भौगोलिक क्षेत्र | वनावरण | वृक्षावरण | कुल वनावरण और वृक्षावरण | भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 16296800 | 2814700 | 375300 | 3190000 | 19.57 |
| अरुणाचल प्रदेश | 8374300 | 6696400 | 80700 | 6777100 | 80.93 |
| असम | 7843800 | 2810500 | 149600 | 2960100 | 37.74 |
| बिहार | 9416300 | 729900 | 226300 | 956,200 | 10.15 |
| छत्तीसगढ़ | 13519200 | 5554700 | 383300 | 5938000 | 43.92 |
| दिल्ली | 148300 | 19241 | 11300 | 30541 | 20.59 |
| गोवा | 370200 | 222900 | 32300 | 255200 | 68.94 |
| गुजरात | 19624400 | 1475700 | 802,400 | 2278100 | 11.61 |
| हरियाणा | 4421200 | 158800 | 141500 | 300300 | 6.79 |
| हिमाचल प्रदेश | 5567300 | 1510000 | 82200 | 1592200 | 28.60 |
| जम्मू और कश्मीर* | 22223600 | 2324100 | 781500 | 3105600 | 13.97 |
| झारखंड | 7971600 | 2355300 | 292200 | 2647500 | 33.21 |
| कर्नाटक | 19179100 | 3755000 | 571300 | 4326300 | 22.56 |
| केरल | 3885200 | 2032100 | 295900 | 2328000 | 59.92 |
| मध्य प्रदेश | 30825200 | 7741400 | 807300 | 8548700 | 27.73 |
| महाराष्ट्र | 30771300 | 5068200 | 983100 | 6051300 | 19.67 |
| मणिपुर | 2232700 | 1734600 | 22000 | 1756600 | 78.68 |
| मेघालय | 2242900 | 1714600 | 65700 | 1780300 | 79.37 |
| मिजोरम | 2108100 | 1818600 | 46700 | 1865300 | 88.48 |
| नागालैंड | 1657900 | 1248900 | 37900 | 1286800 | 77.62 |
| ओडिशा | 15570700 | 5134500 | 399300 | 5533800 | 35.54 |
| पंजाब | 5036200 | 183700 | 162,200 | 345,900 | 6.87 |
| राजस्थान | 34223900 | 1657200 | 826600 | 2483800 | 7.26 |
| सिक्किम | 709600 | 334400 | 3500 | 337900 | 47.62 |
| तमिलनाडु | 13006000 | 2628100 | 467100 | 3095200 | 23.80 |
| तेलंगाना | 11207700 | 2041900 | 266900 | 2308800 | 20.60 |
| त्रिपुरा | 1048600 | 772600 | 21500 | 794100 | 75.73 |
| उत्तर प्रदेश | 24092800 | 1467900 | 744200 | 2212100 | 9.18 |
| उत्तराखंड | 5348300 | 2429500 | 76700 | 2506200 | 46.86 |
| पश्चिम बंगाल | 8875200 | 1684700 | 213,600 | 1898300 | 21.39 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 824,900 | 674,200 | 3500 | 677,700 | 82.16 |
| चंडीगढ़ | 11400 | 2156 | 1000 | 3156 | 27.68 |
| दादरा और नगर हवेली | 49100 | 20700 | 3000 | 23700 | 48.27 |
| दमन और दीव | 11100 | 2049 | 1000 | 3049 | 27.47 |
| लक्षद्वीप | 3000 | 2710 | 200 | 2910 | 97.00 |
| पुडुचेरी | 49000 | 5367 | 2700 | 8067 | 16.46 |
| **कुल योग** | **328746900** | **70827300** | **9381500** | **80208800** | **24.39** |

* एलओसी के बाहर जम्मू और कश्मीर क्षेत्र शामिल है जो पाकिस्तान और चीन के अवैध कब्जे में है।

अनुबंध-II

'वन क्षेत्र' के बारे में दिनांक 19.07.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4389 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम के तहत जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा

| (करोड़ रुपए में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | राज्य | वित्तीय वर्ष 2015-16 | वित्तीय वर्ष 2016-17 | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0.87 | 1.33 | 3.36 | 6.38 | अभी तक किसी भी राज्य को कोई निधि जारी नहीं की गई है। |
| 2 | बिहार | 5.01 | 2.18 | 4.23 | 0.00 | |
| 3 | **छत्तीसगढ़** | **10.20** | **4.92** | **10.86** | **7.82** | |
| 4 | गोवा | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | |
| 5 | गुजरात | 8.54 | 4.36 | 0.00 | 0.00 | |
| 6 | हरियाणा | 0.72 | 3.50 | 2.71 | 0.00 | |
| 7 | हिमाचल प्रदेश | 0.00 | | 1.72 | 2.92 | |
| 8 | जम्मू और कश्मीर | 0.00 | | 7.20 | 0.00 | |
| 9 | झारखंड | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | |
| 10 | कर्नाटक | 1.05 | 7.33 | 3.24 | 10.99 | |
| 11 | केरल | 1.02 | | 0.00 | 0.00 | |
| 12 | मध्य प्रदेश | 9.45 | 4.00 | 8.74 | 7.78 | |
| 13 | महाराष्ट्र | 14.90 | 4.76 | 6.73 | 15.33 | |
| 14 | ओडिशा | 9.49 | 4.62 | 3.49 | 11.36 | |
| 15 | पंजाब | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | |
| 16 | राजस्थान | 0.75 | | 1.40 | 1.95 | |
| 17 | तमिलनाडु | 1.42 | 1.56 | 0.00 | 2.07 | |
| 18 | तेलंगाना | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 2.68 | 2.55 | 0.67 | 0.32 | |
| 20 | उत्तराखंड | 3.05 | | 3.36 | 2.58 | |
| 21 | पश्चिम बंगाल | 0.00 | | 0.00 | 0.00 | |
| | कुल (अन्य राज्य) | **69.16** | **41.10** | **57.71** | **69.50** | |
| | पूर्वोत्तर राज्य | | | | | |
| 22 | *अरुणाचल प्रदेश* | 0.00 | 0.00 | 0.86 | | |
| 23 | *असम* | 2.56 | 0.00 | 0.00 | 0.58 | |
| 24 | *मणिपुर* | 3.67 | 1.21 | 3.19 | 4.38 | |
| 25 | *मेघालय* | 1.35 | 0.00 | 1.65 | 0.74 | |
| 26 | *मिजोरम* | 10.17 | 6.74 | 5.80 | 7.79 | |
| 27 | *नागालैंड* | 0.00 | 5.21 | 5.85 | 6.41 | |
| 28 | *सिक्किम* | 1.52 | 5.09 | 0.00 | 5.98 | |
| 29 | *त्रिपुरा* | 5.73 | 0.00 | 4.94 | | |
| | कुल (पूर्वोत्तर राज्य) | **25.00** | **18.25** | **22.29** | **25.88** | |
| | कुल योग | **94.16** | **59.35** | **80.00** | **95.38** | |

अनुबंध-III

'वन क्षेत्र' के बारे में दिनांक 19.07.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4389 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

प्रतिपूरक वनीकरण कोष के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वित्तीय वर्ष 15-16 | वित्तीय वर्ष 16-17 | वित्तीय वर्ष-17-18 | वित्तीय वर्ष-18-19 | वित्तीय वर्ष-19-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| | जारी की गई निधियां (रुपये में) | जारी की गई निधियां (रुपये में) | जारी की गई निधियां (रुपये में) | जारी की गई निधियां (रुपये में) | जारी की गई निधियां (रुपये में) |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 10,000,000 | शून्य | 1,33,00,000.00 | 1,56,00,000.00 | शून्य |
| आंध्र प्रदेश | 850,000,000 | 890,000,000 | 97,00,00,000.00 | 1,04,47,00,000.00 | शून्य |
| अरुणाचल प्रदेश | 620,000,000 | 1500000000 | | 3,54,15,00,000.00 | शून्य |
| असम | | 300,000,000 | 70,00,00,000.00 | 45,84,00,000.00 | शून्य |
| बिहार | 341,400,000 | 330,000,000 | 30,31,00,000.00 | 46,61,90,000.00 | शून्य |
| चंडीगढ़ | 21,179,000 | 10,000,000 | 1,13,00,000.00 | 1,27,00,000.00 | शून्य |
| **छत्तीसगढ़** | **2,390,000,000** | **2,800,000,000** | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |
| दादर नगर हवेली | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| दमन और दीव | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| दिल्ली | 39,100,000 | 40,000,000 | शून्य | शून्य | शून्य |
| गोवा | | | शून्य | शून्य | शून्य |
| गुजरात | 330,000,000 | 990,000,000 | 27,00,00,000.00 | 2,12,6600,000.00 | शून्य |
| हरियाणा | 640,000,000 | 180,000,000 | 80,00,00,000.00 | 1,44,20,00,000.00 | शून्य |
| हिमाचल प्रदेश | 854,700,000 | 1,506,200,000 | 1,20,00,00,000.00 | 1,32,52,00,000.00 | शून्य |
| जम्मू कश्मीर | 310,000,000 | 1,020,000,000 | 69,00,00,000.00 | शून्य | 1,01,77,00,000.00 |
| झारखंड | 1,410,000,000 | 1,490,000,000 | 2,34,00,00,000.00 | 2,86,25,00,000.00 | शून्य |
| कर्नाटक | 600,000,000 | 851,200,000 | 86,00,00,000.00 | 1,01,40,00,000.00 | शून्य |
| केरल | शून्य | शून्य | 8,00,00,000.00 | 14,61,00,000.00 | शून्य |
| लक्षद्वीप | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| मध्य प्रदेश | 2,130,000,000 | 1,400,000,000 | 2,00,00,00,000.00 | 2,68,76,00,000.00 | शून्य |
| महाराष्ट्र | 1,550,000,000 | 2,050,000,000 | 1,99,00,00,000.00 | 2,25,00,00,000.00 | शून्य |
| मणिपुर | 250,000,000 | 150,000,000 | 29,50,00,000.00 | 24,85,00,000.00 | शून्य |
| मेघालय | 165,600,000 | | 7,00,00,000.00 | शून्य | शून्य |
| मिजोरम | 100000000 | 77,300,000 | 6,85,00,000.00 | 8,30,00,000.00 | शून्य |
| नागालैंड | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| ओडिशा | 3,220,000,000 | 4,260,000,000 | 5,09,00,00,000.00 | 5,54,00,00,000.00 | शून्य |
| पुडुचेरी | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| पंजाब | 490,000,000 | 660,000,000 | 64,00,00,000.00 | 79,20,00,000.00 | शून्य |
| राजस्थान | 480,000,000 | 1,480,600,000 | 1,79,00,00,000.00 | 1,82,03,00,000.00 | शून्य |
| सिक्किम | 110,000,000 | 90,000,000 | शून्य | शून्य | शून्य |
| तमिलनाडु | 35,200,000 | 90,000,000 | 12,68,00,000.00 | 7,00,00,000.00 | शून्य |
| तेलंगाना | 760,000,000 | 1,170,000,000 | 1,27,00,00,000.00 | 2,37,38,00,000.00 | शून्य |
| त्रिपुरा | 110,000,000 | 120,000,000 | 7,10,00,000 | 16,70,00,000.00 | शून्य |
| उत्तर प्रदेश | 1,770,000,000 | 970,000,000 | 1,44,00,00,000.00 | 1,50,60,00,000.00 | शून्य |
| उत्तराखंड | 1,640,000,000 | 1,707,100,000 | 96,00,00,000.00 | 3,03,00,00,000.00 | शून्य |
| पश्चिम बंगाल | शून्य | 210,000,000 | शून्य | 21,22,00,000.00 | शून्य |
| कुल | **21,227,179** | **26,342,40 0,000** | **24,049,000,000.00** | **35,235,890,000.00** | **1,017,700,000.00** |

अनुबंध-IV

**'वन क्षेत्र' के बारे में दिनांक 19.07.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4389 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

हरित भारत मिशन के तहत जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा

**(करोड़ रूपये में)**

| क्रम सं. | राज्य | वित्तीय वर्ष 2015-16 | वित्तीय वर्ष 2016-17 | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | - | 1.06 | 0.446 | 2.6662 | अभी तक किसी भी राज्य को कोई निधि जारी नहीं की गई है। |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 23.39 | 20.23 | 10.953 | 5.3607 | |
| 3 | कर्नाटक | 1.05 | 0.87 | 0.857 | 1.62339 | |
| 4 | केरल* | 9.15 | - | - | - | |
| 5 | मणिपुर | 8.35 | 7.82 | 6.416 | 4.88812 | |
| 6 | मिजोरम | - | 9.88 | 20.00 | 22.364 | |
| 7 | ओडिशा | 1.83 | 1.39 | 1.406 | 4.74334 | |
| 8 | पंजाब* | 6.11 | - | 6.217 | - | |
| 9 | उत्तराखंड** | 20.21 | - | - | - | |
| 10 | सिक्किम | - | - | - | 3.3236 | |
| 11 | महाराष्ट्र | - | - | - | 10.30188 | |
| 12 | मध्य प्रदेश | - | - | - | 24.15919 | |
| | कुल | **70.09** | **41.25** | **46.295** | **79.4304** | |

नोट: *निधियों को वित्तीय वर्ष 2016-17 में उपयोग के लिए पुनर्वैधीकृत किया गया था।
**निधियों को वित्तीय वर्ष 2016-17 और वित्तीय वर्ष 2018-19 में उपयोग के लिए पुनर्वैधीकृत किया गया था।

अनुबंध-V

'वन क्षेत्र' के बारे में दिनांक 19.07.2019 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4389 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

आईएसएफआर 2017 के अनुसार, वनावरण और वृक्षावरण का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्रवार विवरण

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | भौगोलिक क्षेत्र | आईएसएफआर-2015 (अद्यतन) | | | आईएसएफआर 2017 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वन आवरण | वृक्षावरण | कुल वनावरण और वृक्षावरण | वनावरण | वृक्षावरण | कुल वनावरण और वृक्षावरण | अंतर |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 162968 | 26006 | 3965 | 29971 | 28147 | 3753 | 31900 | 1929 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 83743 | 67154 | 761 | 67915 | 66,964 | 807 | 67771 | -144 |
| 3 | असम | 78438 | 27538 | 1613 | 29151 | 28105 | 1496 | 29601 | 450 |
| 4 | बिहार | 94163 | 7254 | 2182 | 9436 | 7299 | 2263 | 9562 | 126 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 135192 | 55559 | 3629 | 59188 | 55547 | 3833 | 59380 | 192 |
| 6 | दिल्ली | 1483 | 188.77 | 111 | 299.77 | 192.41 | 113 | 305.41 | 5.64 |
| 7 | गोवा | 3702 | 2210 | 325 | 2535 | 2229 | 323 | 2552 | 17 |
| 8 | गुजरात | 196244 | 14710 | 7914 | 22624 | 14757 | 8024 | 22781 | 157 |
| 9 | हरियाणा | 44212 | 1580 | 1355 | 2935 | 1588 | 1415 | 3003 | 68 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 55673 | 14707 | 757 | 15464 | 15100 | 822 | 15922 | 458 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 222236 | 22988 | 8354 | 31342 | 23241 | 7815 | 31056 | -286 |
| 12 | झारखंड | 79716 | 23524 | 2783 | 26307 | 23553 | 2922 | 26475 | 168 |
| 13 | कर्नाटक | 191791 | 36449 | 5552 | 42001 | 37550 | 5713 | 43263 | 1262 |
| 14 | केरल | 38852 | 19278 | 2951 | 22229 | 20321 | 2959 | 23280 | 1051 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 308252 | 77426 | 7773 | 85199 | 77414 | 8073 | 85487 | 288 |
| 16 | महाराष्ट्र | 307713 | 50699 | 9558 | 60257 | 50682 | 9831 | 60513 | 256 |
| 17 | मणिपुर | 22327 | 17083 | 243 | 17326 | 17346 | 220 | 17566 | 240 |
| 18 | मेघालय | 22429 | 17262 | 710 | 17972 | 17146 | 657 | 17803 | -169 |
| 19 | मिजोरम | 21081 | 18717 | 535 | 19252 | 18186 | 467 | 18653 | -599 |
| 20 | नागालैंड | 16579 | 12939 | 381 | 13320 | 12,489 | 379 | 12868 | -452 |
| 21 | ओडिशा | 155707 | 50460 | 3986 | 54446 | 51345 | 3993 | 55338 | 892 |
| 22 | पंजाब | 50362 | 1771 | 1544 | 3315 | 1837 | 1622 | 3459 | 144 |
| 23 | राजस्थान | 342239 | 16106 | 8269 | 24375 | 16572 | 8266 | 24838 | 463 |
| 24 | सिक्किम | 7096 | 3353 | 35 | 3388 | 3344 | 35 | 3379 | -9 |
| 25 | तमिलनाडु | 130060 | 26208 | 4505 | 30713 | 26281 | 4671 | 30952 | 239 |
| 26 | तेलंगाना | 112077 | 19854 | 2549 | 22403 | 20419 | 2669 | 23088 | 685 |
| 27 | त्रिपुरा | 10486 | 7890 | 233 | 8123 | 7726 | 215 | 7941 | -182 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 240928 | 14401 | 7044 | 21445 | 14679 | 7442 | 22121 | 676 |
| 29 | उत्तराखंड | 53483 | 24272 | 752 | 25024 | 24295 | 767 | 25062 | 38 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 88752 | 16826 | 2088 | 18914 | 16847 | 2136 | 18983 | 69 |
| 31 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8249 | 6751 | 37 | 6788 | 6742 | 35 | 6777 | -1 1 |
| 32 | चंडीगढ़ | 114 | 21.66 | 9 | 30.66 | 21.56 | 10 | 31.56 | 0.9 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 491 | 206 | 28 | 234 | 207 | 30 | 237 | 3 |
| 34 | दमन और दीव | 111 | 19.61 | 10 | 29.61 | 20.49 | 10 | 30.49 | 0.88 |
| 35 | लक्षद्वीप | 30 | 27.06 | 4 | 31.06 | 27.1 | 2 | 29.1 | -1.96 |
| 36 | पुडुचेरी | 490 | 56.95 | 27 | 83.95 | 53.67 | 27 | 80.67 | -3.28 |
| | कुल | **3287469** | **701495** | **92572** | **794067** | **708273** | **93815** | **802088** | **8021** |
| | | | | | | | | | |